यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित

# UP ASI

## पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक एवं लेखा)

# सॉल्व्ड पेपर्स

एवं

# प्रैक्टिस बुक

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र


**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**संपादन एवं संकलन**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**₹ 595/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सॉल्व्ड पेपर

### भाग-I


- उत्तर प्रदेश पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (UP ASI) परीक्षा, 2025
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 02-11-2025)....................1-32


### भाग-II


- उत्तर प्रदेश पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (UP ASI) ऑनलाइन परीक्षा, 2021
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 04-12-2021 Shift-I)....................5-22
- उत्तर प्रदेश पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (UP ASI) ऑनलाइन परीक्षा, 2021
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 04-12-2021 Shift-II)....................23-43
- उत्तर प्रदेश पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (UP ASI) ऑनलाइन परीक्षा, 2021
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 05-12-2021 Shift-I)....................44-64
- उत्तर प्रदेश पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (UP ASI) ऑनलाइन परीक्षा, 2021
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 05-12-2021 Shift-II)....................65-84
- उत्तर प्रदेश पुलिस ASI परीक्षा, 2017 (परीक्षा तिथि : 22-12-2018)
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....................85-107
- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-A) परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 19-05-2016, Shift-I)
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....................108-125
- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 19-05-2016, Shift-II)
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....................126-143
- उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-A) परीक्षा, 2013
  व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र....................144-160


## प्रैक्टिस सेट


- प्रैक्टिस सेट - 1....................161-184
- प्रैक्टिस सेट - 2....................185-207
- प्रैक्टिस सेट - 3....................208-235
- प्रैक्टिस सेट - 4....................236-263
- प्रैक्टिस सेट - 5....................264-288

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा पाठ्यक्रम

**उ0प्र0पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग की लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम**

| क्र0सं0 | विषय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य हिन्दी/कम्प्यूटर ज्ञान | 100 अंक |
| 2. | सामान्य जानकारी/सामयिक विषय | 100 अंक |
| 3. | संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा | 100 अंक |
| 4. | मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/ तार्किक परीक्षा | 100 अंक |

**1. सामान्य हिन्दी/कम्प्यूटर ज्ञान**
**(General Hindi/Computer Knowledge)**

**क- सामान्य हिन्दी (General Hindi)**

1- हिन्दी और अन्य भारतीय भाषायें,

2- हिन्दी व्याकरण का मौलिक ज्ञान-हिन्दी वर्णमाला, तद्भव-तत्सम, पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थक, वाक्यांशों के स्थान पर एक शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना, लिंग, वचन, कारक, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, काल, वाच्य, अव्यय, उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि, समास, विराम-चिह्न, मुहावरे एवं लोकोक्तियां, रस, छन्द, अलंकार आदि,

3- अपठित बोध,

4- प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं उनकी प्रसिद्ध रचनायें,

5- हिन्दी भाषा में पुरस्कार,

6- विविध

**ख- कम्प्यूटर ज्ञान (Computer Knowledge)**

1. Basic computer fundamentals.
2. History and future of computers.
3. Algorithm, Flowchart& number system.
4. Operating system and basics of windows.
5. Computer Abbreviation.
6. Microsoft office.
7. Basic Knowledge of Internet Use.
8. Shortcut keys.
9. Computer communication and Internet.
10. Programming language.
11. Application of net technology.
12. Web design.
13. Basic Software and Hardware and their functionalities.
14. Networking.
15. Www and web browsers.
16. IT tools and business system.
17. Introduction to multimedia.
18. Emerging Technologies-Artificial Intelligence, mobile computing, green computing, Banking & e-commerce application etc.

**2. सामान्य जागरूकता/सामयिक विषय**
**(General Awareness/ current Affairs)**

**क- सामान्य जागरूकता (General Awareness)**

सामान्य विज्ञान, भारत का इतिहास, भारत का स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति, भारतीय कृषि, वाणिज्य एवं व्यापार, जनसंख्या, पर्यावरण एवं नगरीकरण, भारत का भूगोल तथा विश्व भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, उ0प्र0 की शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक प्रथाओं के सम्बन्ध में विशिष्ट जानकारी, उ0प्र0 में राजस्व, पुलिस व सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था, मानवाधिकार, आंतरिक सुरक्षा तथा आतंकवाद, भारत और उसके पड़ोसी देशों के बीच सम्बन्ध।

**ख- सामयिक विषय (Current Affairs) –**

राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के समसामयिक विषय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, विमुद्रीकरण और उसका प्रभाव, साइबर क्राइम, रेल बजट का सामान्य बजट में विलय, सिन्धु जल समझौता, रियो ओलम्पिक, वस्तु एवं सेवाकर, पुरस्कार और सम्मान, देश/राजधानी/मुद्राएं, महत्वपूर्ण दिवस, अनुसंधान एवं खोज, पुस्तक और उनके लेखक, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का मौलिक/आधारभूत ज्ञान, सोशल मीडिया कम्यूनिकेशन, इण्टरनेट बैंकिंग, डिजिटल भूगतान, डिजिटल वालेट।

**3. संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा (Numerical and Mental Ability Test)**

**क-संख्यात्मक योग्यता परीक्षा (Numerical Ability Test)**

Number System- संख्या पद्धति, Simplification-सरलीकरण, Decimals and Fraction- दशमलव और भिन्न, Highest common factor and lowest common multiple- महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्तक, Ratio and Proportion- अनुपात और समानुपात, Percentage प्रतिशतता, Profit and Loss- लाभ और हानि, Discount छूट, Simple interest साधारण ब्याज, Compound interest- चक्रवृद्धि ब्याज, Partnership-भागीदारी, Average-औसत, Time and Work समय और कार्य, time and Distance- समय और दूरी, Use of Tables and Graphs- सारणी और ग्राफ का प्रयोग, Mensuration मेन्सुरेशन, Arithmetical computations and other analytical functions- अंकगणितीय संगणना व अन्य विश्लेषणात्मक कार्य, Miscellaneous-विविध

**ख- मानसिक योग्यता परीक्षण (Mental Ability Test)**

Logical Diagrams-तार्किक आरेख, Symbol-relationship Interpretation- संकेत सम्बन्ध विश्लेषण, Perception Test प्रत्येक्ष ज्ञान बोध, Word Formation Test शब्द रचना परीक्षण, Letter and number series- अक्षर और संख्या शृंखला, Word and alphabet Analogy-शब्द और वर्णमाला में आंशिक समरूपता, Common Sense Test-व्यावहारिक ज्ञान परीक्षण, Direction Sense Test-दिशा ज्ञान परीक्षण, Logical Interpretation of Data-आंकड़ों का तार्किक विश्लेषण, Forcefulness of argument-प्रभावी तर्क, Determining implied meanings-अंतर्निहित भावों का विनिश्चय करना।

**4- मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा (Mental Aptitude Test/I.Q. Test/ Reasoning)**

**क- मानसिक अभिरूचि परीक्षा (Mental Aptitude Test)**

Attitude towards the following निम्नलिखित के प्रति दृष्टिकोण–Public interest- जनहित, Law and order-कानून एवं शांति व्यवस्था, Communal harmony-साम्प्रदायिक सद्भाव, Crime Control-अपराध नियंत्रण, Rule of law-विधि का शासन, Ability of Adaptability-अनुकूलन की क्षमता, Professional Information (Basic level)-व्यवसायिक सूचना (बेसिक स्तर की), Police System-पुलिस प्रणाली, Contemporary Police Issues & Law and Order समकालीन पुलिस मुद्दे एवं कानून व्यवस्था, Interest in Profession-व्यवसाय के प्रति रूचि, Mental toughness-मानसिक दृढ़ता, Sensitivity towards minorities and underprivileged-अल्पसंख्यकों एवं अल्प अधिकार वालों के प्रति संवेदनशीलता, Gender sensitivity-लैंगिक संवेदनशीलता।

**ख- बुद्धिलब्धि परीक्षा (I.Q. Test)**

Relationship and Analogy Test सम्बन्ध व आंशिक समानता परीक्षण, Spotting out the dissimilar-असमान को चिह्नित करना, Series Completion Test-शृंखला पूरी करने का परीक्षण, Coding and Decoding Test-संकेत लिपि और सांकेतिक लिपि को समझना, Direction Sense Test-दिशा ज्ञान परीक्षण, Blood Relation-रक्त सम्बन्ध, Problem based on alphabet-वर्णमाला पर आधारित प्रश्न, Time sequence Test-समय क्रम परीक्षण, Venn diagram and chart type test-वेन आरेख और चार्ट सदृश परीक्षण, Mathematical ability Test-गणितीय योग्यता परीक्षण, Arranging in order क्रम में व्यवस्थित करना।

**ग- तार्किक परीक्षा (Reasoning)**

Analogies-समरूपता, Similarities-समानता, Differences-भिन्नता, Space visualization- खाली स्थान भरना, Problem solving समस्या को सुलझाना, Analysis Judgment - विश्लेषण निर्णय, Decision making-निर्णायक क्षमता, Visual memory-दृश्य स्मृति, Discrimination-विभेदन क्षमता, Observation-पर्यवेक्षण, Relationship-सम्बन्ध, Concepts-अवधारणा, Arithmetical reasoning-अंकगणितीय तर्क, Verbal and figure Classification-शब्द और आकृति वर्गीकरण, Arithmetical number series-अंकगणितीय संख्या शृंखला, Abilities to deal with abstract ideas and symbols and their relationships-अमूर्त विचारों व प्रतीकों तथा उनके सम्बन्धों से सामंजस्य की क्षमता।

# उत्तर प्रदेश पुलिस सहायक उपनिरीक्षक परीक्षा, 2025

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र [Exam Date : 02-11-2025]

**GENERAL HINDI - COMPUTER KNOWLEDGE**
**सामान्य हिन्दी - कम्प्यूटर जानकारी**

**(प्र.सं. 1 से 3 गद्यांश प्रश्न) अधोलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर दीजिएः**

**जिन कर्मो में किसी प्रकार का कष्ट या हानि सहने का साहस अपेक्षित होता है, सबके प्रति उत्कंठापूर्ण आनन्द उत्साह के अंतर्गत लिया जाता हैं। कष्ट या हानि के भेद के अनुसार उत्साह के भी भेद हो जाते है। साहित्य मीमांसकों ने इसी दृष्टि से युद्धवीर, दानवीर, दयावीर इत्यादि भेद किए हैं। इनमें सबसे प्राचीन और प्रधान युद्धवीरता है, जिसमें आघात, पीड़ा या मृत्यु की परवाह नहीं रहती। इस प्रकार की वीरता का प्रयोजन अत्यन्त प्राचीन काल से चला आ रहा है, जिसमें साहस और प्रयत्न दोनों चरम उत्कर्ष पर पहुँचते हैं। पर केवल कष्ट या पीड़ा सहन करने के साहस में ही उत्साह का स्वरूप स्फुरित नहीं होता। उसके साथ आनन्दपूर्ण प्रयत्न या उसकी उत्कंठा का योग चाहिए।**

**1. ऊपर दिए गए गद्यांश के अनुसार उत्साह के भेद किस आधार पर किए गए हैं?**

(a) बल के आधार पर
(b) कष्ट या हानि के भेद के आधार पर
(c) आघात के आधार पर
(d) समय के आधार पर

**Ans. (b) :** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, उत्साह के भेद कष्ट या हानि के भेद के आधार पर किये गये हैं। साहित्य मीमांसकों ने इसी दृष्टि से दानवीर, युद्धवीर, दयावीर, इत्यादि भेद किये हैं।

**2. गद्यांश के अनुसार साहित्य मीमांसकों ने वीरता के कौन-कौन से भेद किए हैं?**

(a) मर्मवीर और धर्मवीर
(b) दुर्जन और सज्जन
(c) महावीर और परिश्रम
(d) युद्धवीर, दानवीर और दयावीर

**Ans. (d) :** गद्यांश के अनुसार, साहित्य मीमांसकों ने युद्धवीर, दानवीर और दयावीर के भेद वीरता के आधार पर किया है। इसमें सबसे प्राचीन और प्रधान युद्धवीरता है, जिसमें आघात, पीड़ा या मृत्यु की परवाह नहीं रहती।

**3. गद्यांश के अनुसार, युद्धवीरता के लिए किस प्रकार की प्रकृति अपेक्षित है?**

(a) साहस, प्रयत्न और कष्ट सहने का धीरज
(b) भ्रष्टता और साहस
(c) तरुणाई और गंभीरता
(d) चपलता और अस्थिर

**Ans. (a) :** गद्यांश के अनुसार युद्धवीरता के लिये साहस, प्रयत्न और कष्ट सहने का धीरज जैसी प्रकृति अपेक्षित है।

**4. निम्नलिखित में से एक शब्द विशेषण नहीं हैः**

(a) दैनिक (b) मादक
(c) चमक (d) प्यासा

**Ans. (c) :** दैनिक, मादक और प्यासा शब्द विशेषण हैं, जबकि चमक विशेषण नहीं है। संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।

**5. 'रोड़ा अटकाना' इस मुहावरे का अर्थ हैः**

(a) दुविधा में पड़ना (b) बाधा डालना
(c) सामना करना (d) चुगली करना

**Ans. (b) :** 'रोड़ा अटकाना' मुहावरे का अर्थ है- बाधा डालना। वाक्य प्रयोग- प्रत्येक कार्य में रोड़ा अटकाने की आदत है श्याम की।

**6. रहिमन गली है साँकरी, दूजो न ठहराहिं।**
**आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं।।**
**इस काव्य पंक्ति में कौन-सा छन्द है?**

(a) गीतिका (b) दोहा
(c) सोरठा (d) दोही

**Ans. (b) :** रहिमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहराहिं।
आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं।।
उपर्युक्त काव्य पंक्ति में दोहा छन्द का प्रयोग किया गया है। दोहा छन्द अर्द्धसम मात्रिक छन्द हैं, इसमें चार-चरण होते हैं जिसमें प्रथम चरण और तृतीय चरण में 13-13 मात्रायें तथा द्वितीय चरण और चौथे चरण में 11-11 मात्रायें होती है।

**7. 'कृतज्ञ' शब्द का अर्थ क्या है?**

(a) जो बहुत जानता हो
(b) जो उपकार मानता हो
(c) जो थोड़ा जानता हो
(d) जो जानना नहीं चाहता हो

**Ans. (b) :**
जो उपकार मानता हो - कृतज्ञ
जो उपकार को नहीं मानता - कृतघ्न
जो थोड़ा जानता हो - अल्पज्ञ
जो बहुत जानता हो - बहुज्ञ

**8. वह <u>दिनभर</u> पढ़ता रहता है; इसमें रेखांकित पद में अव्यय का भेद बताइए।**

(a) समुच्चयबोधक (b) परिमाणवाचक
(c) निपात (d) संबंधबोध

**Ans. (b) :** जिसमें लिंग, पुरुष, वचन, कारक एवं काल के कारण कोई बदलाव नहीं होता है, उसे अव्यय कहते हैं। ये शब्द हमेशा मूल रूप में ही रहते हैं। वह दिनभर पढ़ता है, वाक्य में रेखांकित शब्द 'दिनभर' परिमाणवाचक अव्यय है। परिमाणवाचक अव्यय किसी क्रिया विशेषण या अन्य अव्यय की मात्रा, नाप-तोल या संख्या बताते हैं।

**9. नीचे दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य हैः**

(a) हम भोजन खाते है।
(b) गत सप्ताह वह जायेगा।
(c) जल्द वापस आ जाना।
(d) मुझे बाजार जाना है।

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्प में 'मुझे बाजार जाना है' सही विकल्प है। अतः विकल्प (d) सही होगा।

**10. 'मधुर वचन कहि कहि परितोषी'**
**इस प्रस्तुत पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?**

(a) श्लेष अलंकार (b) यमक अलंकार
(c) अनुप्रास अलंकार (d) पुनरुक्ति अलंकार

**Ans. (d) :** 'मधुर वचन कहि कहि परितोषीं' पंक्ति में पुनरुक्ति अलंकार है। जहाँ शब्दों की आवृत्ति बार-बार होती है और अर्थ समान हो, वहाँ पुनरुक्ति अलंकार होता है।

**11. 'घन' का अनेकार्थी शब्द हैः**

(a) गति (b) तेज
(c) समय (d) बादल

**Ans. (d) :** बादल/मेघ, ठोस, घना (गहरा), हथौड़ा आदि घन के अनेकार्थी शब्द है।

**12. 'मै स्वयं चला जाऊँगा' यह वाक्य किस सर्वनाम को इंगित करता है?**

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम
(b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(c) पुरुषवाचक सर्वनाम
(d) निजवाचक सर्वनाम

**Ans. (d) :** 'मैं स्वयं चला जाऊँगा' वाक्य निजवाचक सर्वनाम को इंगित करता है। निजवाचक सर्वनाम वे सर्वनाम शब्द होते हैं जिनका प्रयोग वक्ता या लेखक स्वयं अपने लिये करता है। जैसे - स्वयं, निज, स्वतः, आप खुद आदि।

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है?**

(a) राजकुमार (b) कलाश्रेष्ठ
(c) एकदंत (d) गृहप्रवेश

**Ans. (c) :** जिस समास में कोई भी पद प्रधान न हो और समस्त पद किसी अन्य का पर्याय बन जाये उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। एकदंत, चक्रधर, गजानन, नीलकंठ, पीताम्बर, दशानन आदि बहुव्रीहि समास के उदाहरण हैं।

**14. 'किसी आगन्तुक ने दरवाजा खटखटाया' इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

(a) आगन्तुक (b) ने
(c) किसी (d) दरवाजा

**Ans. (c) :** 'किसी आगन्तुक ने दरवाजा खटखटाया' वाक्य में 'किसी' शब्द विशेषण के रूप में प्रयोग हुआ है। विशेषण, ऐसे शब्दों को संदर्भित करता है जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है।

**15. 'अक्ल के घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिएः**

(a) नासमझ को उपदेश देना।
(b) बहुत सोच-विचार कर उपाय करना।
(c) नासमझ की सहायता करना।
(d) स्वयं अपनी प्रशंसा करना।

**Ans. (b) :** 'अक्ल के घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ है-
बहुत सोच-विचार कर उपाय करना।
वाक्य प्रयोग- श्याम के पिता जी श्याम को डाँटते हुये कह रहे थे बेटा, 'अक्ल के घोड़े दौड़ाना सीखो।

**16. 'आज नदी बिलकुल उदास थी' इस प्रसिद्ध कविता के कवि का नाम हैः**

(a) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(b) केदारनाथ अग्रवाल
(c) अज्ञेय
(d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

**Ans. (b) :** 'आज नदी बिलकुल उदास थी' यह प्रसिद्ध कविता केदारनाथ अग्रवाल ने लिखी है। ये प्रगतिशील काव्य-धारा के एक प्रमुख कवि थे। फूल नहीं रंग बोलते हैं, गुलमेंहदी, युग की गंगा, नींद के बादल, पंख और पतवार आदि अन्य रचनायें भी केदारनाथ अग्रवाल की हैं।

**17. स्पर्श व्यंजन कितने होते हैं?**

(a) 20 (b) 15
(c) 25 (d) 10

**Ans. (c) :** हिन्दी भाषा में 33 मूल व्यंजन हैं, जिसमें स्पर्श व्यंजनों की संख्या 25 है। 'क' वर्ग से लेकर 'म' वर्ग तक के सभी वर्ण स्पर्श व्यंजन के अन्तर्गत आते हैं। इन व्यंजनों को स्पर्श व्यंजन इसलिए कहा जाता है क्योंकि इनके उच्चारण के दौरान जीभ मुख के विभिन्न भागों को स्पर्श करती है।

**18. पुनरुक्त (द्वित्व) शब्द पहचानिए।**

(a) धो-धाकर (b) कौन-कौन
(c) दहाड़ना (d) फटाक

**Ans. (b) :** पुनरुक्त (द्वित्व) शब्द ऐसे शब्द होते हैं जो वाक्य में दो बार लगातार प्रयोग होते हैं तथा उनका अर्थ समान या भिन्न होता है, जैसे - कौन-कौन, बार-बार, कभी-कभी इत्यदि।

**19. 'साफ-सुथरी और शांत जगह सबको भाती हैं', इस वाक्य में 'सबको' शब्द में कौन-सा सर्वनाम है?**

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(c) सम्बन्धवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

**Ans. (a) :** 'साफ सुथरी और शान्त जगह सबको भाती है।' वाक्य में 'सबको' शब्द में पुरुषवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम का उपयोग किसी व्यक्ति या वस्तु के लिये किया जाता है उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

20. **'गायक' का तद्भव शब्द :**
(a) गवैया (b) बनिया
(c) कोयल (d) निठुर

**Ans. (a) : तद्धभव तत्सम**
गवैया - गायक
कोयल - कोकिला
निठुर - निष्ठुर
बनिया - वणिक

21. **पार्श्विक व्यंजन कौन-सा है?**
(a) ल (b) ज
(c) म (d) ह

**Ans. (a) :** पार्श्विक व्यंजन वे व्यंजन होते हैं जिनके उच्चारण में जीभ या जिह्वा तालु को छूती है तथा मुँह के किनारे से निकल जाती है। हिन्दी वर्णमाला में केवल 'ल' ही पार्श्विक व्यंजन है।

22. **चर्चित उपन्यास 'हाफ गर्लफ्रेंड' (Half Girlfriend) के रचनाकार का नाम है:**
(a) सलमान रुश्दी (b) अरुंधति रॉय
(c) चेतन भगत (d) खुशवंत सिंह

**Ans. (c) :** हाफ गर्लफ्रेंड, वन नाइट एट द कॉल सेंटर, फाइव प्वाइंट समवन, 2 स्टेट्स, द थ्री मिस्टेक्स आफ माई लाइफ, वन इंडियन गर्ल, वन अरेन्ज्ड मर्डर आदि चेतन भगत की रचना है। हाफ गलफ्रेंड, शिक्षा और प्रेम से जुड़ा उपन्यास है।

23. **'जो किसी से भी सम्बन्धित न हो', इस वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए।**
(a) तटस्थ (b) कुलीन
(c) असीम (d) अमूल्य

**Ans. (a) :** जो किसी से भी सम्बन्धित न हो - तटस्थ
जिसकी कोई सीमा न हो - असीम
जिसका कोई मूल्य न हो - अमूल्य
अच्छे कुल या परिवार से सम्बन्धित - कुलीन

24. **'निस्पृह' शब्द का सही अर्थ है:**
(a) कम खाने वाला
(b) जिसके मन में कोई कपट न हो
(c) बुराई के लिए प्रसिद्ध
(d) जिसकी कोई इच्छा न हो

**Ans. (d) :** 'निस्पृह' शब्द का सही अर्थ है। जिसकी कोई इच्छा नहीं।
कम खाने वाला- अल्पाहारी
जिसके मान में कोई कपट न हो - निष्कपट

25. **'कोठी के चारों ओर लोग एकत्र हो गए थे' इस वाक्य में कौन-सा अव्यय है?**
(a) सम्बन्धबोधक अव्यय
(b) समुच्चयबोधक अव्यय
(c) क्रिया-विशेषण अव्यय
(d) विस्मयादिबोधक अव्यय

**Ans. (a) :** कोठी के चारों ओर लोग एकत्र हो गए थे। इस वाक्य में संबंधबोधक अव्यय है इस वाक्य में 'चारों ओर' शब्द 'कोठी' और 'लोग' के बीच संबंध बता रहा है इसलिए यह संबंध बोधक अव्यय है।

26. **Who among the following developed the basic computer architecture?**
**निम्नलिखित में से कितने कंप्यूटर के बेसिक आर्किटेक्चर को विकसित किया?**
(a) Alan Turing/एलन ट्यूरिंग
(b) Charles Babbage/चार्ल्स बैबेज
(c) John Von Neumann/जॉन वॉन न्यूमैन
(d) Ken Thompson/केन थॉमसन

**Ans. (c) :** कम्प्यूटर के बेसिक आर्किटेक्चर को जॉन वॉन न्यूमैन ने विकसित किया जिसे बुनियादी कम्प्यूटर आर्किटेक्चर के नाम से जाना जाता है। इसने वह अवधारणा प्रस्तुत की जहाँ डेटा और निर्देश एक ही मेमोरी में संग्रहित होते हैं, जो अधिकांश आधुनिक कम्प्यूटर्स की नींव रखता है।

27. **What is the binary representation of the number A 16?**
**संख्या A 16 का बाइनरी प्रतिनिधित्व क्या है?**
(a) 1011 (b) 1110
(c) 1000 (d) 1010

**Ans. (d) : Step–1** में नीचे लिखा 16 बताता है कि यह Hexadecimal Number System (Base - 16) की संख्या है।
**Step–2** Hexadecimal में अक्षरों का मान इस प्रकार होती है।

| Hex digit | Decimal value |
|---|---|
| A | 10 |

अतः
$A_{16} = 10_{10}$
**Step–3** Decimal में Binary मे परिवर्तन अब 10 (decimal) को Binary में बदलते है:

| Division | Quotient | Remainder |
|---|---|---|
| $10 \div 2$ | 5 | 0 |
| $5 \div 2$ | 2 | 1 |
| $2 \div 2$ | 1 | 0 |
| $1 \div 2$ | 0 | 1 |

Remainder को नीचे से ऊपर पढ़ते है: – 1010
**Step-4** Final Answer
$\boxed{A_{16} = 10_{10}}$
**Note–** UPPRPB ने इस प्रश्न को मूल्यांकन से बाहर कर दिया है।

28. **The Internet originated from the concept of:**
**इंटरनेट की उत्पत्ति किस विचार से हुई है?**
(a) World Wide Web/वर्ल्ड वाइड वेब
(b) Hypertext/हाइपरटेक्स्ट
(c) Ethernet/ईथननेट
(d) ARPANET/अरपानेट

**Ans. (d) :** इंटरनेट की शुरूआत ARPANET (Advanced Research Projects Agency Network) से हुई थी, जिसे अमेरिका के रक्षा विभाग ने 1669 में विकसित किया था। इसका उद्देश्य विभिन्न कम्प्यूटरों को एक नेटवर्क के माध्यम से जोडना था। बाद मे यही नेटवर्क इंटरनेट का आधार बना।

**29. In a corporate website URL, you can see the text: "https://" What does the letter "s" in "https" indicate?**
**कॉर्पोरेट वेबसाइट में, आप यह टेक्स्ट देख सकते हैं: "https://" । "https" में अक्षर 's' क्या दर्शाता है?**

(a) Standard/स्टैंडर्ड (b) Segmented/सेगमेंटेड
(c) Secure/सिक्योर (d) Standalone/स्टैंडअलोन

**Ans. (c) :** HTTP (Hyper Text Transfer Protocol) इंटरनेट पर डेटा ट्रांसफर करने का एक प्रोटोकॉल (नियम) है। जब इसके अंत में "s" जोडा जाता है (HTTPS), तो इसका अर्थ Hyper Text Transfer Protocol हो जाता है। इसमें "s" का अर्थ Secure (सुरक्षित) होता है, जो यह दर्शाता है कि वेबसाइट SSL/TLS एन्क्रिप्शन का उपयोग कर रही है ताकि डेटा सुरक्षित रूप से भेजा जा सके।

**30. What Excel feature lets you apply a logical test to a value, then return one value if TRUE, another FALSE?**
**एक्सेल का कौन-सा फ़ीचर आपको किसी वेल्यू पर लॉजिकल टेस्ट लागू करने देती है, फिर यदि TRUE है तो एक वेल्यू, यदि FALSE है तो दूसरी वैल्यू लौटाती है?**

(a) DECIDE () (b) TEST ()
(c) CHECK () (d) IF ()

**Ans. (d) :** IF फंक्शन एक्सेल में सबसे लोकप्रिय फंक्शनों में से एक है और यह आपको किसी मान और आपकी अपेक्षा के बीच तार्किक तुलना करने की अनुमति देता है। इस लिए IF स्टेटमेंट के दो परिणाम हो सकते है, पहला परिणाम तब होगा जब आपकी तुलना सत्य हो, और दूसरा तब होगा जब आपकी तुलना असत्य हो।

Example = if (AI > 50, "Pass", "Fail")

यहाँ, यदि सेल AI का मान 50 से अधिक है, तो "Pass" दिखाएगा अन्यथा "Fail" दिखाएगा।

**31. What is the term used to describe a binary number that consists of 4 bits?**
**चार बिट्स वाली बाइनरी संख्या का वर्णन करने के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?**

(a) Bytes/बाइट्स (b) Bit/बिट
(c) Octet/ऑक्टेट (d) Nibble/निबल

**Ans. (d) :** चार बिट्स वाली बाइनरी संख्या का वर्णन करनें के लिए निबल (Nibble) शब्द का प्रयोग किया जाता है।

- 1 बिट (bit) एकल बाइनरी अंक (0 या 1)।
- 4 बिट्स को मिलाकर एक निबल (Nibble) बनता है।
- 8 बिट्स को 1 Byte कहा जाता है।

**32. Which of the following is not classified as a type of computer code?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा, कंप्यूटर कोड के एक प्रकार के रूप में वर्गीकृत नहीं है?**

(a) Assembly Code/असेम्बली कोड
(b) Machine Code/मशीन कोड
(c) EDIC
(d) ASCII

**Ans. (c) :** EDIC ऐसा कोई मानक कोड कम्प्यूटर विज्ञान में नहीं होता, इसको कम्प्यूटर कोड के प्रकार के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है।

- Machine code यह बाइनरी (0 और 1) में लिखा हुआ मूल कोड होता हैं, जिसे कम्प्यूटर सीधे समझता है।
- Assembly code

**33. What does ENIAC Stand for?**
**ENIAC का क्या अर्थ है?**

(a) Electronic Numerical Integrator and Computer/इलेक्ट्रानिक न्यूमेरिकल इंटीग्रेटर एंड कंप्यूटर
(b) Enhanced Network Interface for Advanced Computing /एनहैंस्टड नेटवर्क इंटरफेंस फॉर एडवांस्ड कम्प्यूटिंग
(c) Electronic Network Information and Control/ इलेक्ट्रानिक नेटवर्क इनफॉर्मेशन एंड कंट्रोल
(d) Engineered Numerical Interface for Automated Calculations/इंजीनियर्ड न्यूमेरिकल इंटरफेस फॉर ऑटोमेटेड कैलकुलेशन्स

**Ans. (a) :** ENIAC का अर्थ Electronic Numerical Integrator and Computer है यह कम्प्यूटर वॉन न्यूमैन आर्किटेक्चर पर आधारित पहला बाइनरी प्रोग्राम योग्य कंप्यूटर था 1970 के दशक के दौरान, लार्ज स्केल इंटीग्रेशन (LSI) तकनीक के विकास ने पूरे CPU को एक ही चिप पर स्वीकृत करना संभव बना दिया, जिसे माइक्रोप्रोसेसर कहा गया।

**34. ATM Stands for:**
**ATM का अर्थ है:**

(a) Auto Teller Money/ऑटो टेलर मनी
(b) Any Time Money/एनी टाइम मनी
(c) Anytime Teller Money/एनीटाइम टेलर मनी
(d) Automated Teller Machine/ऑटोमेटेड टेलर मशीन

**Ans. (d) :** ATM का अर्थ Automated Teller Machine है यह एक इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग मशीन है जो ग्राहकों को बिना बैंक कर्मचारी की मदद से नकद निकालने, जमा करनें, बैलेंस जांचने, और अन्य बैंकिंग सेवाएं करने की सुविधा प्रदान करती है। ATM का प्रकार–

- On Site ATM– यह बैंक शाखा के अंदर या बाहर होता है।

- Off-site ATM– जो बैंक शाखा से दूर किसी अन्य जगह पर लगाया जाता है।
- White Label ATM– जो गैर बैंक कंपनियों द्वारा संचालित किए जाते है।
- Brown Label ATM– बैंक द्वारा संचालित लेकिन किसी अन्य कंपनी के स्वामित्व वाले।

**35. Which of the following is classified as system software?**
**निम्नलिखित में से किसे सिस्टम सॉफ्टवेयर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?**

(a) Google Chrome/गूगल क्रोम
(b) Windows Operating System/विंडोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम
(c) Microsoft Word/माइक्रोसॉफ्ट वर्ड
(d) Adobe Photoshop

**Ans. (b) :** विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम एक सिस्टम सॉफ्टवेयर है जो कंप्यूटर सिस्टम को नियंत्रित करता है साथ ही एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर को प्लेटफार्म उपलब्ध करता है जबकि (Google Chrome, Microsoft Word, Adobe Photoshop) सभी Application Software हैं, जो किसी विशेष कार्य (जैसे ब्राउजिंग, डॉक्यूमेंट बनाना, फोटो एडिट करना) के लिए उपयोग किए जाते है।

**36. Expand the acronym OSI.**
**संक्षिप्त नाम OSI का विस्तार कीजिए।**

(a) Out System Interconnection /आउट सिस्टम इंटरकनेक्शन
(b) Out System Interface/आउट सिस्टम इंटरफेस
(c) Open Systems Interconnection/ओपन सिस्टम इंटरकनेक्शन
(d) Open System Interface/ओपन सिस्टम इंटरफ़ेस

**Ans. (c) :** OSI का पूरा नाम Open Systems Interconnection Model है यह एक नेटवर्किंग मॉडल है, जिसे ISO (International Organization for standardization) ने विकसित किया थां इस मॉडल में 7 परते (Layers) होती है, जो यह बताती है कि डेटा एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर तक कैसे जाता है।

OSI Model की Layers:
1. Physical Layer
2. Data Link Layer
3. Network Layer
4. Transport Layer
5. Session Layer
6. Presentation Layer
7. Application Layer

**37. In the context of online research and web content, what does SEO stand for?**
**ऑनलाइन शोध और वेब कंटेंट के संदर्भ में, SEO का क्या अर्थ है?**

(a) Systematic Entry Order/सिस्टेमेटिक एंट्री ऑर्डर
(b) Social Engagement Outreach सोशल एंगेजमेंट आउटरीच
(c) Secure Email Operation/सिक्योर ईमेल ऑपरेशन
(d) Search Engine Optimization सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन

**Ans. (d) :** SEO (Search Engine Optimization) को सर्च इंजन पर किसी वेबसाइट/वेबपेज पर की दृश्यता मे सुधार (Optimizing) करने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जाता है। आपके पेज सर्च रिजल्ट्स में जितने ऊपर दिखाई देंगे, उनके सर्च किए जाने और उन पर क्लिक किए जाने की सम्भावना उतनी ही ज्यादा होगी। SEO का उद्देश्य वेबसाइट विजिटर्स को आकर्षित करना है जो ग्राहक, क्लाइंट या एक ऐसे वफादार दर्शक बन सकें जो लगातार वापस लौटते रहें।

**38. Which of the following is a hardware component?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा हार्डवेयर कम्पोनेन्ट है?**

(a) Firewall/फ़ायरवॉल
(b) Web browser/वेब ब्राउज़र
(c) Motherboard/मदरबोर्ड
(d) Games/गेम्स

**Ans. (a,c) :** मदरबोर्ड (Motherboard) कम्प्यूटर का भौतिक हिस्सा (Hardware) है, इसमें CPU सॉकेट, RAM स्लॉट पॉवर कनेक्टर्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक घटक होते है। जबकि वेब ब्राउजर और गेम्स सॉफ्टवेयर है। फायरवॉल हॉर्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनो होता है। उदाहरण– राउटर में लगा फायरवॉल हॉर्डवेयर फायरवॉल है।

**Note–** ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (c) दोनों को माना है।

**39. Which of these is not a web browser?**
**इनमें से कौन-सा वेब ब्राउज़र नहीं है?**

(a) Chrome/क्रोम (b) Opera/ओपेरा
(c) Windows/विंडोज़ (d) Safari/सफारी

**Ans. (c) :** Chrome, Opera और Safari ये सभी Web browsers है, जिनका उपयोग इंटरनेट सर्फिंग के लिए किया जाता है जबकि windows एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जिसका मुख्य काम कम्प्यूटर के सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को आपस में जोड़कर यूजर को आसान इंटरफेस प्रदान करना है।

**40. In MS Word, which feature allows you to change the colour fill of a shape in your document?**
**MS Word में, कौन-सा फीचर आपको अपने डॉक्यूमेंट में किसी शेप के रंग भरने (कलर फिल) को बदलने की अनुमति देता है?**

(a) Format Shape/फॉर्मेट शेप
(b) Shape Styles/शेप स्टाइल
(c) Shape Outline/शेप आउटलाइन
(d) Shape Fill/शेप फिल

**Ans. (d) :** MS word में किसी Shape का रंग बदलने के लिए Shape Fill विकल्प का उपयोग किया जाता है यह विकल्प Format Tab में Shape Styles समूह के अर्न्तगत होता है। इसमें आप शेप समूह के अर्न्तगत होता है। इसमें आप शेप में रंग, ग्रेडिएंट, टेक्सचर या चित्र भर सकते है।

**41. What is the full form of EBCDIC in computer?**
**कंप्यूटर में EBCDIC का पूर्ण रूप क्या है?**

(a) Extended Binary Code for Data Interchange Code/एक्स्टेंडेड बाइनरी कोड फॉर डाटा इन्टरचेंज कोड
(b) Enhanced Binary Coded Data Interchange Code/एनहैंस्ड बाइनरी कोडेड डाटा इन्टरचेंज कोड
(c) Electronic Binary Coded Decimal Interrelated Code/इलेक्ट्रॉनिक बाइनरी कोडेड डेसीमल इन्टरिलेटेड कोड
(d) Extended Binary Coded Interchange Code एक्स्टेंडेड बाइनरी कोडेड डेसीमल इन्टरचेंज कोड

**Ans. (d) :** EBCDIC का पूर्ण रूप Extended Binary Coded Interchange Code है। यह एक एनकोडिंग सिस्टम है जिसका उपयोग 8 बिट्स को एनकोड करने के लिए किया जाता है, क्योंकि 8 बिट के कारण हम विभिन्न वर्णमाला, संख्यात्मक, विरामचिन्ह, नियंत्रण और अन्य विशेष वर्णों को 0 से 255 तक संख्यात्मक मान प्रदान कर सकते है, जिनका उपयोग कम्प्यूटिंग सचार और टेक्स्ट में किया जाता है।

**42. Which HTML element is used to create a clickable link to another page or resource?**
**कौनसा HTML तत्व किसी अन्य पृष्ठ संसाधन के लिए क्लिक करने योग्य लिंक बनाने के लिए उपयोग किया जाता है?**

(a) <b> (b) <a>
(c) <href> (d) <url>

**Ans. (b) :** <a> टैग का उपयोग HTML में हाइपरलिंक (Hyperlink) बानानें के लिए किया जाता है।
उदाहरण– <ahref = https://www.example.com>
यहाँ क्लिक करें </a>
ऊपर दिए गए उदाहरण में ''यहाँ क्लिक करें'' पर क्लिक करनें से यूजर example.com वेबसाइट पर पहुँच जाएगा।

**43. Which of the following modes of communication is not supported by Internet?**
**निम्नलिखित में से संचार का कौन-सा तरीका इंटरनेट द्वारा समर्थित नहीं है?**

(a) Instant Messaging/इंस्टेट मैसेजिंग
(b) Face-to-Face meeting/फेस-टू-फेस मीटिंग
(c) E-mail/ई-मेल
(d) Zoom meeting/जूम मीटिंग

**Ans. (b) :** इंटरनेट द्वारा Instant Messaging, Email, और Zoom Meeting जैसे संचार माध्यम समर्थित हैं क्योंकि ये सभी ऑनलाइन तरीके है, जबकि Face to face meeting (आमने सामने बैठक) इंटरनेट द्वारा समर्थित नही होती, क्यों कि यह भौतिक (physical) रूप से की जाती है।

**44. Which of the following AI System mimics the human brain through interconnected nodes?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा AI सिस्टम इंटरकनेक्टेड नोड्स के माध्यम से मानव मस्तिष्क की नकल करता है?**

(a) Genetic Algorithms/जेनेटिक़ ऐल्गोरिथ्म
(b) Rule-based Systems/रूल-बेस्ड सिस्टम
(c) Artificial Neural Networks/आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क
(d) Expert Systems/एक्सपर्ट सिस्टम

**Ans. (c) :** Artificial Neural Network (ANNs) ऐसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) सिस्टम हैं जो मानव मस्तिष्क की संरचना और कार्यप्रणाली की नकल (Mimic) करते है। इसमें कई आपस में जुड़े हुए नोड्स (nodes) या न्यूरॉन्स होते हैं, जो विभिन्न लेयर्स में व्यवस्थित रहते हैं ।
इनपुट लेयर, हिडन लेयर, और आउटपुट लेयर प्रत्येक कनेक्शन का एक वजन (weight) होता है, जो सीखने की प्रक्रिया के दौरान बदलता रहता है जैसे कि मानव मस्तिष्क।

**45. In web programming, what is the purpose of tables?**
**वेब प्रोग्रामिंग में, तालिकाओं का उद्देश्य क्या है?**

(a) To display tabular data in rows and columns/पंक्तियों और कॉलम में तालिकात्मक डेटा प्रदर्शित करना
(b) To embed multimedia content like videos and audio to created interactive forms/वीडियो और ऑडियो जैसे मल्टीमीडिया कंटेंट को एम्बेड करना
(c) To create interactive forms/इंटरैक्टिव फॉर्म बनाना
(d) To style text with different fonts/भिन्न फॉन्ट्स के साथ टेक्स्ट को स्टाइल करना।

**Ans. (a) :** वेब प्रोग्रामिंग (HTML) में टेबल (Table) का उपयोग डेटा को व्यवस्थित रूप में पंक्तियों (Rows) और स्तंभो (Columns) में दिखाने के लिए किया जाता है।
टेबल बनाने के लिए <table> टैग का उपयोग किया जाता है।
पंक्तियाँ बनाने के लिए <td> (Table Row)
शीर्षक (heading) के लिए <th> (Table header)
और डेटा के लिए <td> (Table data> टैग का प्रयोग किया जाता है।
उदाहरण–

<table border = "1">
<tr>

```
        <th> नाम </th>
        <th> आयु </th>
    </th>
    <th>
        <th> रवि </th>
        <th> 20 </th>
    </th>
    </table>
```

**46. What type of Cache exist in the Level I Cache Memory?**
**लेवल I कैश मेमोरी में किस प्रकार के कैश मौजूद होते हैं?**

(a) Set Associate Cache and Fully Associate Cache/सेट एसोसिएट कैश और फुल्ली एसोसिएट कैश
(b) Instruction Cache and Data Cache/इंस्ट्रक्शन कैश और डेटा कैश
(c) Mapped Cache and Disk Cache/मैप्ड किया गया कैश और डिस्क कैश
(d) Write-through Cache and Write-back Cache/राइट थ्रू कैश और राइट-बैक कैश

**Ans. (b) :** कैश मेमोरी (Cache Memory) एक बहुत तेज और छोटी मेमोरी होती है, जो CPU और मुख्य मेमोरी (RAM) के बीच काम करती है, इसमें बार-बार उपयोग होने वाले डेटा और निर्देश (Instructions) को अस्थायी रूप से रखा जाता है ताकि प्रोसेसिंग तेज हो सके।

कैश मेमोरी के प्रकार (Levels of cache memory)

1. L1 Chache (Level 1) यह सबसे छोटी और सबसे तेज मेमोरी, CPU के अंदर होती है।

Level 1 cache को आमतौर पर दो भागों में बाँटा जाता है पहला Instruction cache (I-chache) इसमें हाल ही में उपयोग किए गए निर्देश (Instructions) रखे जाते है। दूसरा Data cache (D-chache) इसमें हाल ही में उपयोग किया गया डेटा (Data) रखा है।

2. L2 cache (Level 2)- L1 से थोड़ी बड़ी और धीमी होती है।

3. L3 cache (Level 3) यह और बड़ी होती है आमतौर पर सभी CPU कोर के बीच साझा की जाती है।

**47. Which of the following view is used to run the actual presentation from start to finish MS PowerPoint?**
**MS पावरपॉइंट में वास्तविक प्रेजेंटेशन को शुरू से अंत तक चलाने के लिए निम्नलिखित में से किस दृश्य (व्यू) का उपयोग किया है।**

(a) Print Preview View/प्रिंट प्रीव्यू दृश्य
(b) Print View/प्रिंट व्यू
(c) Slide Show View/स्लाइड व्यू
(d) Normal View/नॉर्मल व्यू

**Ans. (c) :** एम.एस. पावरप्वॉइंट में वास्तविक प्रेजेंटेशन को शुरू से अंत तक चलाने के लिए Slide Show View का उपयोग किया जाता है इसमें फुल स्क्रीन पर प्रेजेन्टेशन चलता है, स्लाइड एक-एक करके आगे बढ़ती है आप 'की' बोर्ड या माउस से क्लिक करके स्लाइड बदल सकते है इस व्यू में एनिमेशन और ट्रांजिशन इफेक्ट्स दिखाई देते है।

**48. Which CSS Property is used to control the positioning of an HTML element on a web page?**
**वेब पेज HTML एलिमेंट की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए किस CSS प्रॉपर्टी का उपयोग किया जाता है?**

(a) Display/डिस्प्ले
(b) Margin/मार्जिन
(c) Position/पोज़िशन
(d) Colour/कलर

**Ans. (c) :** CSS में Position प्रॉपर्टी का उपयोग किसी HTML एलिमेंट की स्थिति (Location) निर्धारित करनें के लिए किया जाता है अर्थात् पेज पर वह एलिमेंट कहाँ दिखाई देगा।

**Position प्रॉपर्टी के मुख्य प्रकारः–**

**Static–** डिफॉल्ट स्थिति (Normal page flow में)।

**Relative–** अपनी सामान्य स्थिति से कुछ दूरी पर।

**Absolute–** पेज या पैरेंट कंटेनर के हिसाब से निश्चित स्थान पर।

**Fixed–** स्क्रीन पर एक जगह स्थिर रहता है स्क्रॉल करने पर भी नही हिलता।

**Sticky–** स्क्रॉल करते समय कुछ दूरी पर स्थिर और फिर मूव होता है।

**49. Which keyboard shortcut is used to move the cursor to the end of a line in MS Word?**
**एमएस वर्ड में कर्सर को लाइन के अंत में ले जाने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?**

(a) Ctrl + Home
(b) Ctrl + End
(c) End
(d) Home

**Ans. (c) :** एम.एस वर्ड में End Key का उपयोग कर्सर को लाइन के अंत में तेजी से ले जानें के लिए किया जाता है।

Home key– कर्सर को पंक्ति की शुरूआत में ले जाती है।

Ctrl + End– कर्सर को पूरे दस्तावेज (document) के अंत में ले जाता है।

Ctrl + Home– कर्सर को डॉक्यूमेंट की शुरूआत में ले जाता है।

**50. Which of the following options in Excel helps to arrange the data from descending order?**
**एक्सेल में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प डेटा को घटते (डिसेन्डिंग) क्रम में व्यवस्थित करने में मदद करता है?**

(a) Filter Z to A/ फ़िल्टर Z से A
(b) Sort A to Z/ सॉर्ट A से Z
(c) Sort Z to A/ सॉर्ट Z से A
(d) Filter A to Z/ फ़िल्टर A से Z

**Ans. (c) :** एक्सेल में डेटा सॉर्ट करना आपकी जानकारी को व्यवस्थित करने का एक सरल और प्रभावी तरीका है, जिससे उसका व्याख्या * और विश्लेषण करना आसान हो जाता है। एक्सेल में किसी एक कॉलम को सार्ट करना एक बुनियादी प्रक्रिया है जो आपको उस कॉलम के मानों के आधार पर डेटा को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित करनें की अनुमति देती है। डेटा का डिसेन्डिंग क्रम में व्यवस्थित करने के लिए Sort Z to A विकल्प का प्रयोग करते है। कॉलम को सॉर्ट करने के लिए शॉर्टकट कुंजी Ctrl + Shift + L का प्रयोग कर सकते है।

## GENERAL AWAREMESS-CURRENT AFFAIRS
## सामान्य जानकारी तथा समसामायिकी

**51. The Simon Commission, which faced widespread protests in India, was appointed in which year?**
**साइमन कमीशन, जिसका भारत में बड़े पैमाने पर विरोध हुआ था, किस वर्ष नियुक्त किया गया था?**

(a) 1925 (b) 1927
(c) 1919 (d) 1930

**Ans. (b) :** भारत सरकार अधिनियम, 1919 में सुधार का सुझाव देने के लिये साइमन आयोग का गठन 1927 में किया था। इस कमीशन की अध्यक्षता जॉन साइमन ने की थी। इस कमीशन में किसी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था। साइमन कमीशन फरवरी 1928 में बम्बई पहुँचा तो 'साइमन वापस जाओ' का नारा लगाकर इसका विरोध किया गया।

**52. Which Article of the Indian Constitution prohibits discrimination on the grounds of religion, race, caste, sex, or place of birth?**
**भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का रोकता है?**

(a) Article 16/अनुच्छेद 16
(b) Article 15/अनुच्छेद 15
(c) Article 17/अनुच्छेद 17
(d) Article 14/अनुच्छेद 14

**Ans. (b) :**
अनुच्छेद - 14- कानून के समक्ष समानता एवं कानूनों के समान संरक्षण।
अनुच्छेद - 15- धर्म, जाति, नस्ल, लिंग व जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित किया जाता है।
अनुच्छेद - 16- सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता।
अनुच्छेद - 17- अस्पृश्यता का उन्मूलन।

**53. Which among the following happens in an oxidation reaction?**
**ऑक्सीकरण अभिक्रिया (ऑक्सीडेशन रिएक्शन) में निम्नलिखित में से क्या होता है?**

(a) Neutrons are lost/न्यूट्रॉन की हानि
(b) Loss of Electrons/इलेक्ट्रॉन का हानि
(c) Gain of Electrons/इलेक्ट्रॉन का लाभ
(d) Protons are gained/प्रोटॉन का लाभ

**Ans. (b) :** आक्सीकरण एक रासायनिक अभिक्रिया है। आक्सीकरण अभिक्रिया (आक्सीडेशन रिएक्शन) में इलेक्ट्रानों की हानि होती है। इलेक्ट्रानों को खोने वाले अभिकारक को अपचायक कहा जाता है जंग लगना, दहन एवं श्वसन और प्रकाश संश्लेषण अभिक्रिया का उदाहरण है।

**54. Which Indian initiative aims to provide 24 × 7 power supply to all households in rural and urban areas?**
**किस भारतीय पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सभी घरों को 24 × 7 बिजली आपूर्ति प्रदान करना है?**

(a) Saubhagya Scheme/सौभाग्य योजना
(b) Digital India/डिजिटल इंडिया
(c) Ujjwala Yojana/उज्ज्वला योजना
(d) Make in India/मेक इन इंडिया

**Ans. (a) :** सौभाग्य योजना का उद्देश्य ग्रमीण और शहरी क्षेत्रों के सभी घरों को 24×7 बिजली आपूर्ति प्रदान करना है। इसकी शुरूआत 2017 में हुयी थी। सौभाग्य योजना का सर्वाधिक लोगों तक पहुँच सुनिश्चित करने में राजस्थान पहले स्थान पर है। उज्ज्वला योजना की शुरूआत मई-2016 में, 'डिजिटल इंडिया' की शुरूआत 2015 में और 'मेक इन इंडिया' की शुरूआत 2014 में हुयी थी।

**55. Which Southeast Asian country shares a maritime border with India?**
**कौन-सा दक्षिण पूर्व एशियाई देश भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करता है?**

(a) Indonesia/इंडोनेशिया (b) Philippines/फिलिपींस
(c) Vietnam/वियतनाम (d) Singapore/सिंगापुर

**Ans. (a) :** पाकिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाइलैंड और इंडोनेशिया भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करते हैं। इंडोनेशिया और थाइलैंड भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ समुद्री सीमा साझा करता है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार स्थलीय और समुद्री दोनों सीमायें साझा करते हैं।

**56. Which state in India has its own Wildlife Act and is not covered under the Wildlife Protection 1972?**
**भारत में किस राज्य का अपना वन्यजीव अधिनियम है और वह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत नहीं आता है?**

(a) Karnataka/कर्नाटक
(b) Jammu and Kashmir/जम्मू और कश्मीर
(c) Kerala/केरल
(d) Assam/असम

**Ans. (b) :** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 भारत में वन्यजीवों के संरक्षण के लिये एक महत्वपूर्ण कानून है। अनुच्छेद-370 के तहत जम्मू और कश्मीर के 'विशेष राज्य' का दर्जा प्राप्त होने के कारण वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 लागू नहीं था। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2019 के परिणामस्वरूप अब भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम जम्मू और कश्मीर में लागू हो गया है।

**57. The continent on which most of the people of Earth live is______**
**पृथ्वी के अधिकांश लोग जिस महाद्वीप पर रहते हैं वह ______ है।**

(a) Australia/ऑस्ट्रेलिया (b) Asia/एशिया
(c) Europe/यूरोप (d) Africa/अफ्रीका

**Ans. (b) :** विश्व में 7 महाद्वीप हैं। एशिया सबसे बड़ा महाद्वीप एवं ऑस्ट्रेलिया सबसे छोटा महाद्वीप है। एशिया महाद्वीप में 48 देश हैं।

**58. Mount Everest, the highest peak in the world, is located in which mountain range?**
**विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट किस पर्वत शृंखला में स्थित है?**

(a) Himalayas /हिमालय (b) Rockies/रॉकीज
(c) Alps/आल्प्स (d) Andes/एंडीज

**Ans. (a) :** विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848 मी.) हिमालय पर्वत शृंखला नेपाल में स्थित है। यह पर्वत शृंखला कई देशों में फैली है। राकीज पर्वत उत्तरी अमेरिका में, आल्पस पर्वत यूरोप में और एंडीज पर्वत दक्षिण अमेरिका में स्थित है।

**59. Arattu festival is a famous festival of which state?**
**अराट्टू त्योहार किस राज्य का प्रसिद्ध त्योहार है?**

(a) Kerala/केरल
(b) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) Tamil Nadu/तमिलनाडु

**Ans. (a) :** अराट्टू त्योहार केरल में मनाया जाता है। केरल के पद्मनाभस्वामी मन्दिर और जनार्दन मन्दिर में यह प्रमुख रूप से मनाया जाता है। यह वर्ष में दो बार सामान्यतः मार्च-अप्रैल और अक्टूबर-नवम्बर में मनाया जाता है।

**60. Where are the ancient rock-cut caves of Ajanta located?**
**अजंता की प्राचीन शैलकृत गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?**

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Rajasthan/राजस्थान
(d) Maharashtra/महाराष्ट्र

**Ans. (d) :** अजन्ता की प्राचीन शैलकृत गुफायें महाराष्ट्र में स्थित है। अजन्ता में पाये जाने वाले पहले बौद्ध स्मारक ईसा पूर्व दूसरी और पहली शताब्दी के है। यहाँ लगभग 30 गुफायें हैं।

**61. The National Academy of Agricultural Research Management (NAARM) is located at _____.**
**राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (NAARM) _______ में स्थित है।**

(a) Chandigarh, Punjab/चंडीगढ़, पंजाब
(b) Hyderabad, Telangana/हैदराबाद, तेलंगाना
(c) Karnal, Haryana/करनाल, हरियाणा
(d) Mysore, Karnataka/मैसूर, कर्नाटक

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबन्धन अकादमी (NAARM) हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित है। इसकी स्थापना 1976 में की गयी थी।

**62. What is the term used for old alluvial soil?**
**पुरानी जलोढ मिट्टी के लिए प्रयुक्त शब्द क्या है?**

(a) Laterite/लेटराइट (b) Bangar/भागर
(c) Peaty soil/पीटयुक्त मिट्टी (d) Terai/तराई

**Ans. (b) :** पुरानी जलोढ़ मिट्टी के लिये भागर (बांगर) शब्द का भी प्रयोग किया जाता है। बांगर पुराने जलोढ़ से निर्मित है। यह मिट्टी खादर की अपेक्षा कम उपजाऊ होती है।

**63. Uttar Pradesh is bordered by which Indian State in the West?**
**उत्तर प्रदेश की सीमा पश्चिम में किस भारतीय राज्य से लगती है?**

(a) Haryana/हरियाणा
(b) Uttarakhand/उत्तराखंड
(c) Jharkhand/झारखंड
(d) Bihar/बिहार

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश की सीमा 8 राज्य और 1 केन्द्र शासित राज्य से लगती है, ये राज्य हैं - उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और दिल्ली। नेपाल के साथ उत्तर प्रदेश की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा भी लगती है। जिसमें हरियाणा राजस्थान उत्तर प्रदेश से सीमा साक्षा करने वाले पश्चिम भारतीय राज्य है।

**64. The Police of which two states conducted Operation Puttur, to thwart a terror plot fo two suspects?**
**दो संदिग्धों की आतंकी साजिश को विफल करने के लिए किन दो राज्यों की पुलिस ने ऑपरेशन पुत्तूर चलाया?**

(a) Arunachal Pradesh State Police and Tamil Nadu State Police/अरुणाचल प्रदेश राज्य पुलिस और तमिलनाडु पुलिस
(b) Tamil Nadu State Police and Andhra Pradesh State Police/तमिलनाडु राज्य पुलिस और आंध्र प्रदेश राज्य पुलिस

(c) Andhra Pradesh State Police and Karnataka State Police/आंध्र प्रदेश राज्य पुलिस और कर्नाटक राज्य पुलिस
(d) Arunachal Pradesh State Police and Andhra Pradesh State Police/अरुणाचल प्रदेश राज्य पुलिस और आंध्र प्रदेश राज्य पुलिस

**Ans. (b) :** दो संदिग्धों की आतंकी साजिश को विफल करने के लिये तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश राज्य पुलिस ने ऑपरेशन पुत्तूर चलाया था।

**65. Which agreement, signed in 1993, was a significant step in maintaining peace along the Line of Actual Control (LAC) between India and China?**
**1993 में हस्ताक्षरित कौन-सा समझौता भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर शांति बनाए रखने में एक महत्त्वपूर्ण कदम था?**
(a) Panchsheel Agreement/पंचशील समझौता
(b) Border Peace and Tranquility Agreement
सीमा शांति और स्थिरता समझौता
(c) Doklam Agreement/डोकलाम समझौता
(d) Wuhan Summit Agreement
वुहान शिखर सम्मेलन समझौता

**Ans. (b) :** 1993 में हस्ताक्षरित सीमा शान्ति और स्थिरता समझौता भारत और चीन के बीच वास्ततिक नियंत्रण रेखा (LAC) पर शान्ति बनाये रखने में एक महत्वपूर्ण कदम था। मैकमोहन रेखा, भारत और चीन के बीच की सीमा है। इस सीमा का नाम सर हैनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया हैं

**66. In administrative terms, what does BDO stand for?**
**प्रशासनिक दृष्टि से BDO का क्या अर्थ है?**
(a) Basic Development Officer
बेसिक डेवलपमेंट ऑफिसर
(b) Block Development Officer
ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर
(c) Board District Officer/बोर्ड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर
(d) Block Division Officer/ब्लॉक डिविजन ऑफिसर

**Ans. (b) :** प्रशासनिक दृष्टि से BDO का पूर्ण रूप ब्लॉक डेवलपमेंट आफिसर है। बी.डी.ओ ब्लाक स्तर पर विकास का प्रबन्धन करता है। BDO का पद राज्य सरकार के अधीन आता है।

**67. The Central Institute for subtropical Horticulture is located in which city of uttar Pradesh?**
**केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?**
(a) Kanpur /कानपुर (b) Lucknow/लखनऊ
(c) Noida/नोएडा (d) Prayagraj/प्रयागराज

**Ans. (b) :**
केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान - लखनऊ
केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंधित पौधा संस्थान - लखनऊ
भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान - कानपुर
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान - प्रयागराज

**68. Which international treaty aims to eliminate all forms of racial discrimination?**
**किस अंतर्राष्ट्रीय संधि का उद्देश्य सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव को समाप्त करना है?**
(a) CESAW (b) ICCPR
(c) ICERD (d) CAT

**Ans. (c) :** ICERD अन्तर्राष्ट्रीय संधि का उद्देश्य सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव को समाप्त करना है। 21 दिसम्बर 1965 को अपनाया गया ICERD, संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित पहला मानवाधिकार संधि समझौता था। इस संधि ने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की समाप्ति को लेकर अमेरिका और एशिया में सकारात्मक भेदभाव नीतियों तक वैश्विक आन्दोलनों की नींव रखी। 21 मार्च को 'अन्तर्राष्ट्रीय नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है।

**69. What is the full form of LWE in India?**
**भारत में LWE का पूर्ण रूप क्या है?**
(a) Left-Wing Expansion
लेफ्ट विंग एक्सपेंशन
(b) Left-Wing Extremism
लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिज्म
(c) Limited-Wing Execution
लिमिटेड विंग एक्सिक्यूशन
(d) Limited-Work Extremism
लिमिटेड वर्क एक्स्ट्रीमिज्म

**Ans. (b) :** भारत में LWE का पूर्ण रूप वामपंथ उग्रवाद (Left-Wing Extremism) है। वामपंथी उग्रवादी संगठन वे समूह हैं जो हिंसक क्रान्ति के माध्यम से परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं। वे लोकतांत्रिक संस्थाओं के विरोधी हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित करने के लिये हिंसा का इस्तेमाल करते है।

**70. Which historical fort in India, also known as "Gheria', played a pivotal role in the Maratha Navy and served as a strategic stronghold during the reign of Shivaji Maharaj?**
**भारत में कौन-सा ऐतिहासिक किला, जिसे 'घेरिया' के नाम से भी जाना जाता है, जिसने मराठा नौसेना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और शिवाजी महाराज के शासनकाल के दौरान एक रणनीतिक गढ़ के रूप में कार्य किया?**
(a) Sindhudurg Fort /सिंधुदुर्ग किला
(b) Murud-janjira fort/मुरूड-जंजीरा किला
(c) Vijaydurg Fort/विजयदुर्ग किला
(d) Raigad fort/रायगढ़ किला

**Ans. (c) :** भारत में विजय दुर्ग किला, जिसे 'घेरिया' के नाम से भी जाना जाता है, जिसने मराठा नौसेना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और शिवाजी महाराज के शासन काल के दौरान एक रणनीतिक गढ़ के रूप में कार्य किया। यह विजय दुर्ग किला महाराष्ट्र के सिन्धु दुर्ग जिले में स्थित है।

**71. Who is the arehitect known for designing the Lotus Temple in Delhi, characterized by its flower-like shape and significance as a Baha'i House of Worship.**
**दिल्ली में लोटस टेंपल, जो अपनी फूल जैसी आकृति और बहाई उपासना स्थल के रूप में महत्त्व के लिए जाना जाता है, उसका डिजाइन तैयार करने के लिए कौन-सा वास्तुकार जाना जाता है?**

(a) B.V. Doshi/बी.वी. दोशी
(b) Fariborz Sahba/फरीबोर्ज साहबा
(c) Le Corbusier/ले कोर्बुसिए
(d) Charles Correa/चार्ल्स कोरिया

**Ans. (b) :** दिल्ली में लोटस टेंपल, जो अपनी फूल जैसी आकृति और बहाई उपासना स्थल के रूप में महत्व के लिये जाना जाता है उसका डिजाइन फरीबोर्ज साहबा ने तैयार किया था। कमल के फूल से प्रेरित इस मन्दिर का डिजाइन इंजीनियरिंग और रचनात्मकता का एक अद्भुत नमूना हैं।

**72. Which Indian legislation was enacted in 2005 to protect women from domestic violence and province for civil remedies?**
**महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने और नागरिक उपचार प्रदान करने के लिए 2005 में कौन-सा भारतीय कानून बनाया गया था।**

(a) Women Domestic Prohibition Act/महिला घरेलू निषेध अधिनियम
(b) Protection of Women from Domestic Violence Act/घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम
(c) Hindu Succession Act/हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम
(d) Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act/कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम

**Ans. (b) :** महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने और नागरिक उपचार प्रदान के लिये 2005 में 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम' पारित किया गया था। पीड़ित महिला मजिस्ट्रेट कोर्ट, सेवा प्रदाता या पुलिस स्टेशन में शिकायत कर सकती है।

**73. Which planet in our solar system has the most extensive ring system?**
**हमारे सौरमंडल में किस ग्रह की वलय प्रणाली सबसे विस्तृत है**

(a) Saturn /शनि
(b) Neptune/नेपच्यून
(c) Uranus/यूरेनस
(d) Jupiter/बृहस्पति

**Ans. (a) :** सौरमण्डल में 8 मुख्य ग्रह हैं जो सूर्य के चारो ओर चक्कर लगाते हैं। इन ग्रहों के अपने-अपने उपग्रह है (बुध, शुक्र को छोड़कर) शनि ग्रह की वलय प्रणाली (ring system) सौरमण्डल में सबसे विस्तृत है। शनि ग्रह के पास सबसे अधिक उपग्रह है, जिसमें टाइटन सबसे बड़ा है। चन्द्रमा पृथ्वी का उपग्रह है।

**74. The Carnatic Wars were fought between which two European powers in India?**
**कर्नाटक युद्ध भारत में किन दो यूरोपीय शक्तियों के बीच लड़े गए थे?**

(a) British and French/ब्रिटिश और फ्रेंच
(b) British and Portuguese/ब्रिटिश और पुर्तगाली
(c) British and Dutch/ब्रिटिश और डच
(d) British and Spanish/ब्रिटिश और स्पेनिश

**Ans. (a) :** भारत में तीन कर्नाटक युद्ध हुये थे, ये युद्ध ब्रिटेन और फ्रांस के मध्य लड़ा गया था। प्रथम कर्नाटक युद्ध (1746-1748) यूरोप में चल रहे' आस्ट्रेलियाई उत्तरधिकार युद्ध का विस्तार था, यूराप में फ्रांस और ब्रिटेन प्रतिद्वंदी थे, प्रथम कर्नाटक युद्ध एक्स-ला-चैपल की संधि के साथ समाप्त हुआ। द्वितीय कर्नाटक युद्ध (1749-1754) पांडिचेरी की संधि के साथ समाप्त हुआ। तीसरा कर्नाटक युद्ध (1757-1763) वैश्विक सात वर्षीय युद्ध का हिस्सा था, जो पेरिस सन्धि (1763) के द्वारा समाप्त हुआ।

**75. What is the term used to describe the maximum displacement of an oscillating object from its equilibrium position?**
**किसी दोलनशील वस्तु के अपने संतुलन स्थिति से अधिकतम विस्थापन का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त शब्द क्या है?**

(a) Amplitude /आयाम
(b) Frequency/आवृत्ति
(c) Period/अवधि
(d) Phase/चरण

**Ans. (a) :** दोलन करने वाली वस्तु के अपने संतुलन स्थिति से अधिकतम विस्थापन को आयाम (Amplitude) कहते है। आयाम एक अदिश राशि है।

**76. The AI model Surya, created by NASA, was developed in collaboration with which tech company?**
**नासा (NASA) द्वारा निर्मित एआई (AI) मॉडल सूर्या, किस तकनीकी कंपनी के सहयोग से विकसित किया गया था?**

(a) IBM/आईबीएम
(b) Amazon/अमेज़न
(c) Microsoft/माइक्रोसॉफ्ट
(d) Google/गूगल

**Ans. (a) :** नासा (NASA) द्वारा निर्मित (AI) मॉडल 'सूर्या' को आईबीएम (IBM) के सहयोग से विकसित किया गया है। नासा और आईबीएम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया यह मॉडल नासा के नासा डायनेमिक्स आब्जर्वेटरी द्वारा नौ वर्षो के निरन्तर अनुसंधान के आधार पर अध्ययन किया गया हैं।

**77. Which three countries conducted the joint naval drills named Maritime Security Belt 2025 in the Middle East?**
**मध्य पूर्व में मैरीटाइम सिक्योरिटी बेल्ट 2025 नामक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किस तीन देशों ने किया?**
(a) India, Japan, United States of America
भारत, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) China, Iran, Russia/चीन, ईरान, रूस
(c) Brazil, South Africa, Argentina
ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना
(d) Australia, United Kingdom, France
ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस

**Ans. (b) :** मध्य पूर्व में मैरीटाइम सिक्योरिटी बेल्ट 2025 नामक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में चीन, ईरान और रूस ने हिस्सा लिया था। यह अभ्यास ओमान की खाड़ी में आयोजित किया गया था।

**78. What is the name of the giant virus recently discovered in the North Pacific Subtropical Gyre?**
**हाल ही में, उत्तरी प्रशांत उपोष्णकटिबंधीय (सब-ट्रॉपिकल) गाइर में खोजे गए विशाल वायरस का नाम क्या है?**
(a) Pel V-I
(b) Ocean Virus/ओशन वायरस
(c) COVID-19
(d) Mega Virus-X/मेगावायरस-X

**Ans. (a) :** हाल ही में, उत्तरी प्रशान्त उपोष्णकटिबन्धीय (सब-ट्रापिकल) गाइर में खोजे गये विशाल वायरस का नाम Pel V-I है। समुद्री जीवन और जैविक संरचनाओं को समझने के लिये Pel V-I की खोज अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

**79. Where was the 56th meeting of India's GST Council held?**
**भारत की जीएसटी (GST) परिषद की 56वीं बैठक कहाँ आयोजित हुई?**
(a) New delhi/नई दिल्ली
(b) Mumbai/मुंबई
(c) Hyderabad/हैदराबाद
(d) Bengaluru/बेंगलुरू

**Ans. (a) :** भारत की जीएसटी (GST) परिषद की 56वीं बैठक सितम्बर 2025 नई दिल्ली में आयोजित हुई थी, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की और इसमें 'नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों' पर ऐतिहासिक फैसले लिये गये, जिसमें 12% और 28% स्लैब को खत्म कर 5% और 18% पर विलय करना शामिल था।

**80. Which state government launched the 'Mukhyamantri Mahila Rojgar Yojana'?**
**किस राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' शुरू की?**
(a) Jharkhand/झारखंड
(b) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(c) Uttar Pradesh /उत्तर प्रदेश
(d) Bihar/बिहार

**Ans. (d) :** बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने हेतु 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला की अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

**81. Which technology is used by lsrael's Ofek -19 satellite for advanced reconnaissance?**
**इजराइल का ओफेक-19 (Ofek-19) उपग्रह, उन्नत टोही सर्वेक्षण के लिए किस तकनीक का उपयोग करता है।**
(a) GPS Navigation/जीपीएस (GPS) नेविगेशन
(b) Infrared Scanning/इन्फ्रारेड स्कैनिंग
(c) Optical Imaging/ऑप्टिकल इमेजिंग
(d) Synthetic Aperture Radar/सिंथेटिक एपर्चर रडार

**Ans. (d) :** इजराइल का ओफेक-19 (Ofek-19) उपग्रह, उन्नत टोही सर्वेक्षण के लिये मुख्य रूप से 'सिंथेटिक एपर्चर रडार' (SAR) तकनीकि का उपयोग करता है, जिससे यह दिन-रात और सभी मौसमों (बादल,कोहरा,बारिश) में उच्च-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें और खुफिया जानकारी इकट्ठा कर सकता है। यह 50 सेमी तक की छोटी वस्तुओं का भी पता लगा सकता है।

**82. How many members voted in favour of the IAEA resolution declaring Iran non-compliant?**
**ईरान को गैर-अनुपालक घोषित करने वाले आईएईए (IAEA) प्रस्ताव के पक्ष में कितने सदस्यों ने मतदान किया?**
(a) 11 (b) 16
(c) 23 (d) 19

**Ans. (d) :** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) बोर्ड के 35 सदस्यों में से 19 ने ईरान द्वारा परमाणु अप्रसार प्रतिबद्धताओं को पूरा न करने को लेकर निंदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह प्रस्ताव फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी (E3) तथा संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रस्तुत किया था।

**83. Which Indian organisation received the Ramon Magsaysay Award in 2025?**
**2025 में किस भारतीय संगठन को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला?**
(a) Teach for India/टीच फॉर इंडिया
(b) Educate Girls/एजुकेट गर्ल्स
(c) Akshaya Patra/अक्षय पात्र
(d) Pratham/प्रथम

**Ans. (b) :** भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से वंचित क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा हेतु सामुदायिक तथा सरकारी संसाधन जुटाने के लिए समर्पित भारतीय गैर-लाभकारी संगठन 'एजुकेट गर्ल्स' को वर्ष 2025 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया है। इसे 'फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली' के नाम से जाना जाता है, जिसकी स्थापना वर्ष 2007 में सफीना हुसैन द्वारा की गई थी।